आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 19.11.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- राज्य में विद्यालयी शिक्षा विभाग के तहत प्रवक्ता संवर्ग में 157 अतिथि शिक्षकों की जल्द तैनाती की जाएगी।
- यू०पी०सी०एल ने वित्तीय वर्ष 2023–24 में अल्पावधि बाज़ार से सस्ती बिजली खरीदकर 22 प्रतिशत की रिकॉर्ड बचत की।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने महत्वपूर्ण बैठकों में सचिव स्तर के अधिकारियों की गैर मौजूदगी पर कड़ी नाराज़गी जताई।
- केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान कल।

अतिथि शिक्षक तैनाती

राज्य में विद्यालयी शिक्षा विभाग के तहत प्रवक्ता संवर्ग में 157 और अतिथि शिक्षकों की जल्द तैनाती की जाएगी। इन शिक्षकों को प्रदेश के पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्र के विद्यालयों में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित और अंग्रेजी विषय के रिक्त पदों के सापेक्ष नियुक्त किया जाएगा। इस संबंध में शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को अतिथि शिक्षकों को जिलावार शीघ्र नियुक्ति देने के निर्देश दिए हैं।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार, शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रवक्ता संवर्ग में 157 अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति सरकार के उस प्रयास का हिस्सा है, जो विज्ञान वर्ग और अंग्रेजी विषय की शिक्षा को सुलभ बनाने के लिये किया जा रहा है। इस कदम से स्थानीय स्तर पर छात्रों को विज्ञान वर्ग में भी बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

बिजली टैरिफ में कमी

प्रदेश सरकार के प्रयासों और बेहतर विद्युत खरीद प्रबन्धन के चलते राज्य के बिजली उपभोक्ताओं के टैरिफ में कमी आई है। यूपीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2023–24 में अल्पावधि बाज़ार से सस्ती बिजली खरीदकर 22 प्रतिशत की रिकॉर्ड बचत की है। पहले प्रति यूनिट, छह रुपए छियासी पैसा की दर थी, जो अब घटकर पांच रुपए पैंतीस पैसा हो गई है। इसका लाभ भी उपभोक्तओं तक पहुंच रहा है। बिजली खरीद की औसत दर में कमी के चलते यूपीसीएल ने उपभोक्ताओं के बिलों में राहत प्रदान की है। ईंधन और बिजली खरीद लागत समायोजन मद में कुल 324 करोड़ की छूट दी गई है।

जुलाई से नवंबर 2024 तक यह छूट न्यूनतम 26 पैसे से अधिकतम एक रुपए एक पैसा प्रति यूनिट तक दी गई, जिससे उपभोक्ताओं को सीधा लाभ हुआ है।

यू०पी०सी०एल ने कहा है कि आवश्यकता पड़ने पर ऊर्जा एक्सचेंज से रियल टाइम में बिजली खरीदी जाएगी, ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

जायज़ा

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देशों के अनुपालन में उपजिलाधिकारी सदर, हरि गिरि और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने उप जिला चिकित्सालय, ऋषिकेश का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। पिछले महीने जिलाधिकारी ने उप जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया था और आईसीयू संचालित न होने पर इसे जल्द शुरू करने तथा अस्पताल में फैली अव्यवस्थाओं पर अधिकारियों को फटकार लगाई थी। उप जिला चिकित्सालय में 16 नवम्बर से आईसीयू संचालित हो गया है। यह आई०सी०यू मार्च 2023 से बंद पड़ा था। अस्पताल के निरीक्षण के बाद उप जिलाधिकारी ने कहा कि निरीक्षण में सब संतोषजनक पाया गया है। उन्होंने कहा कि उप जिला चिकित्सालय ऋषिकेश न केवल ऋषिकेश बल्कि गढवाल से आने वाले मरीजों के लिए भी एक बेस अस्पताल है और इसमें सुविधाएं संचालित रहना बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी चिकित्सालयों में व्यवस्थाओं को परखने के लिए लगातार निरीक्षण होते रहेंगे।

दीक्षांत समारोह

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय का पांचवा दीक्षांत समारोह आज पण्डित ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश में आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति एनके जोशी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2022–23 के पारम्परिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के स्नातक व परास्नातक कक्षाओं के कुल इक्कीस हजार दो सौ तीस विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जा रही है। इनमें स्नातक स्तर पर कुल सत्रह हजार आठ सौ सत्ताइस व स्नातकोत्तर स्तर पर तीन हजार चार सौ तीन छात्र–छात्राएं शामिल हैं।

विश्व व्यापार मेला

राज्य के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित विश्व व्यापार मेले में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड पर्यटन, सहित हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, चम्पावत, नैनीताल, अल्मोड़ा, उत्तरकाशी, चमोली और टिहरी जिले के शिल्पियों द्वारा उत्पादित उत्पादों के विपणन के लिए लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया।

गौरतलब है कि 27 नवंबर तक चलने वाले इस मेले में उत्तराखंड के उत्पादों के स्टॉल लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। इस वर्ष भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले की थीम ''वसुधैव कुटुंबकम है।

नाराज़गी

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सशक्त उत्तराखण्ड @25 और अन्य महत्वपूर्ण बैठकों में सचिव स्तर के अधिकारियों की गैर मौजूदगी पर कड़ी नाराज़गी जताई है। श्रीमती रतूड़ी ने बैठकों में सचिवों की अनिवार्य उपस्थिति के लिए निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकों में अपेक्षित सचिवों की अनुपस्थिति पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। देहरादून में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखण्ड /25 के लक्ष्यों के तहत राज्य के संपूर्ण विकास के लिए प्रत्येक विभाग को दिए गए लक्ष्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभागवार बनाई गई कार्ययोजनाओं को लागू करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर समीक्षा की जाए। मुख्य सचिव ने विभागों को निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए धरातल पर काम करने के साथ ही भविष्य की कार्ययोजना पर तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

केदारनाथ उपचुनाव

केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए कल मतदान होगा। उपचुनाव के लिए आज 166 पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी, जबकि दूरस्थ क्षेत्रों के लिए सात पोलिंग पार्टियां कल ही रवाना कर दी गई थीं।

उपचुनाव के लिए कल शाम प्रचार समाप्त हो गया। उपचुनाव में एक बार फिर भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर देखने को मिल रही है। कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए यह उपचुनाव महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भाजपा के सामने जहां सीट बचाने की चुनौती है, वहीं कांग्रेस बद्रीनाथ में उपचुनाव जीतने के बाद केदारनाथ में भी जीतने का प्रयास करेगी।

केदारनाथ उपचुनाव में इस बार कुल छह प्रत्याशी मैदान में हैं। विधानसभा क्षेत्र में 90 हजार 540 मतदाता हैं, जो कल मतदान कर उम्मीदवारों का भाग्य तय करेंगे। केदारनाथ में सुव्यस्थित मतदान सुनिश्चित करने के लिए 173 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उपचुनाव का परिणाम 23 नवंबर को घोषित किया जाएगा। गौरतलब है कि केदारनाथ में अब तक हुए पांच विधानसभा चुनावों में से तीन बार भाजपा और दो बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है।

इस साल जुलाई में भाजपा विधायक शैलारानी रावत के निधन के बाद केदारनाथ सीट खाली हो गई थी।

<u>विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी महोत्सव</u>

चार दिवसीय, देहरादून अंतरराष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव कल से वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। महोत्सव का उद्घाटन राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने बताया कि देहरादून अंतरराष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव की शुरूआत 2020 में यूकोस्ट के संरक्षण में हुई थी। इस आयोजन के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जांएगे। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में ही एक फूड फेस्टिवल का भी आयोजन किया जाएगा।

इस महोत्सव का उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी का लोकप्रियकरण है। इस तरह के आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना प्रमुखय है। इस वर्ष 50 हजार से अधिक छात्र और विज्ञान प्रेमियों के इस महोत्सव में भाग लेने की उममी है।

नज़र समाचार पत्र की सुर्खियों पर–

ब्राजील में आयोजित जी–20 शिखर सम्मेलन पर हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– युद्ध से ग्लोबल साउथ सर्वाधिक प्रभावित, जी–20 शिखर सम्मेलन में वैश्विक संघर्षों के असर पर बोले प्रधानमंत्री।

सर्वोच्च न्यायालय के दिल्ली एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान नहीं हटाने की ख़बर को सभी अखबारों ने प्रमुखता दी है। दैनिक जागरण लिखता है– अदालत की मंजूरी के बगैर नहीं हटेंगे ग्रैप–4 प्रतिबंध, 12वीं तक स्कूल बंद, सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, ग्रैप–3 के तहत कदम उठाने में क्यों हुई देरी। इसी ख़बर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र सर्वोच्च न्यायालय के हवाले से लिखता है– सरकारें साफ हवा मुहैया कराने को बाध्य। वही, अमर उजाला की ख़बर है– दिल्ली सरकार व सी०ए०क्यू०एम को फटकार, सुप्रीम कोर्ट ने कहा– भले ही ए०क्यू०आई 450 से नीचे हो जाए, ग्रैप–4 की पाबंदियां रखें जारी।

सशक्त उत्तराखंड@ 25 की बैठक में सचिव स्तर के अधिकारियों के न पहुंचने पर दैनिक जागरण का शीर्षक है– मुख्य सचिव ने सचिवों को लगाई फटकार, सशक्त उत्तराखण्ड@ 25 की समीक्षा बैठक में सचिव स्तर के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जताई नाराज़गी। अमर उजाला लिखता है– मुख्य सचिव ने बैठक से गायब सचिवों को तलब कर फटकारा, बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश, अधीनस्थ को भेजा तो होगी कड़ी कार्रवाई।

केदारनाथ उपचुनाव पर अमर उजाला की ख़बर है– केदारनाथ में मिथक दोहराएगी भाजपा या कांग्रेस तोड़ने में रहेगी कायम, उपचुनावः पक्ष में माहौल बनाने के लिए भाजपा–कांग्रेस ने झोंकी पूरी ताकत।

31 मार्च तक एक हजार 872 को मिलेगी अपने घर की सौगात। अमर उजाला ने इस शीर्षक के साथ लिखा है शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने ली ऊधमसिंह नगर जिला विकास प्राधिकरण की बैठक, कहा–ट्रांसपोर्ट नगर को 46 एकड़ भूमि मुहैया।

उत्तराखंड पुलिस के यातायात सुधारीकरण के प्रयासों पर हिंदुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है– सख्तीः दून में शराब पीकर वाहन चलाने पर 156 लाग गिरफ्तार, कार हादसे के बाद चेती पुलिस, चेकिंग अभियान के दौरान जिले में 156 वाहन किए गए सीज, संदिग्धों पर भी रही नज़रं